Research Paper Education

# उच्च शिक्षा में छात्रवृत्ति योजनाओं की उपादेयता–एक अध्ययन

हरिओम नामदेव | शिक्षा संस्थान बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,झाँसी

**ABSTRACT**

एक व्यक्ति संसार में या समाज में प्रषंसा चाहता है , पुरस्कार एक प्रकार की प्रेरणा है जो मनोवैज्ञानिक युक्ति पर आधारित है ।पुरस्कार प्राप्त करके व्यक्ति को सुखुद अनुभूति होती है और इस अनुभूति से प्रेरित होकर ही वह किसी कार्य को करता है ।
रायबर्न के अनुसार पुरस्कार व्यक्ति में अच्छा कार्य करने की भावना विकसित करता है। छात्रवृत्ति देने का उद्देष्य छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है । इससे अन्य छात्रों को भी अपनी योग्यता बढ़ाने के लिए प्रेरणा मिलती है । छात्रवृत्तियाँ अध्ययन मे बेहद मददगार सिद्ध होती हैं ।
अतः षोधकर्ता ने प्रस्तुत षोध अध्ययन के रूप में उच्च षिक्षा में छात्रवृत्ति योजनाओं की उपादेयता –एक अध्ययन को लिया ।जिसका मुख्य उद्देष्य उच्च षिक्षा में अध्ययनरत प्रतिभाषाली छात्रों को आगे बढ़ाने के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें ।प्रस्तुत षोध अध्ययन मे षोधार्थी ने लगभग ५०० छात्रवृत्तियों का अध्ययन करने के पष्चात अध्ययन के उद्देष्य को ध्यान में रखते हुए १७ छात्रवृत्ति योजनाओं (सरकारी एवं गैरसरकारी ) को सम्मिलित किया है ।

**KEYWORDS** छात्रवृत्तियाँ ए सरकारी एवं गैरसरकारी ए छात्रवृत्ति योजनाओं

किसी राष्ट्र की उन्नति के लिये उच्च मानवीय संसाधन का होना अत्यन्त आवश्यक है तथा उच्च मानवीय संसाधनों के विकास के लिये शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, शिक्षा प्राप्त व्यक्ति स्वयं अपना एवं राष्ट्र के विकास में सहायक सिद्ध होता है। बहुत सी ऐसी संस्थायें है जो शिक्षा के विकास के लिये छात्रवृत्तियां प्रदान करती है परन्तु इन छात्रवृत्तियों की जानकारी के अभाव में बहुत से प्रतिभाशाली तथा निर्धन छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी करने में अनेकानेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।
छात्रवृत्तियाँ छात्र के लिये पुनर्बलन का भी कार्य करती है। छात्रों को आगे बढ़ाने में सहायक होती है। किसी भी राष्ट्र की उन्नति के लिये उच्च स्तरीय मानव संसाधन का होना आवश्यकता है। वहाँ का विकास भी उतना ही अधिक व तेज गति से होगा इसीलिये भिन्न–भिन्न संस्थाऐं उच्च स्तरीय मानव संसाधन के विकास के लिये शिक्षा में छात्रवृत्तियाँ प्रदान करती है। अतः निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि छात्रवृत्तियाँ छात्र के अध्ययन मे अत्यधिक सहायक होती है।
अध्ययन के उद्देश्य :–
1. प्रतिभाशाली छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने के बेहतर अवसर मिलें इसके लिये विभिन्न संस्थाओं द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजनाओं का अध्ययन करना।
2. स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजनाओं का अध्ययन करना।
3. शोध कार्य में दी जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का अध्ययन करना।
जनसंख्या या समष्टि रू
प्रस्तुत अध्ययन में जनसंख्या या समष्टि ऐसे सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों को माना है जो उच्च शिक्षा में छात्रवृत्ति प्रदान करते हैं।
प्रतिदर्श रू
प्रस्तुत अध्ययन में प्रतिदर्श सरकारी व गैर सरकारी संगठनों द्वारा उच्च शिक्षा में दी जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों का माना गया है, जिसमें सरकारी संगठन UGC, NCERT, Inspire Fellowship, Jawahar Lal Nehru Fellowship को तथा गैरसरक. ारी संगठन LIC, Fair & Lovely, Zindal, ONGC, TATA/BHEL/FAEA को सम्मिलित किया गया है।
अध्ययन में प्रयुक्त शोध विधि रू
शोधकर्ता द्वारा प्रस्तुत अध्ययन में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।
शोध में प्रयुक्त उपकरणरू
प्रस्तुत शोध में आंकड़ों के संकलन हेतु विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों को लिया गया है।
सरकारी संगठनों द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियां –

**Table No.1**

| संस्था का नाम | छात्रवृत्ति का नाम |
|---|---|
| 1. UGC Fellowship | Maulana Azad National Fellowship For Minorty Students. Rajiv Gandhi National Fellowship SC/ST Candidate Post Graduate Indira Gandhi Scholarship for Single Girls Child Post Graudate Merit Scholarship for University Rank holder Post Doctoral Fellowship to SC/ST Candidate Post Doctoral fellowship to women Candidate UGC's D.S. Kothari Post Doctoral fellowship Programme Dr. S. Radhakrishanan Post Doctoral fellowship |
| 2. Ministry of Science & Technology (Inspire fellowship) | Department of Science & Technology (DST) Inspire fellowship for Ph.D. Inspire Scholarship for Higher Education (SHE) fellowship for B.Sc./M.Sc. |
| 3. NCERT fellowship | NCERT Doctoral fellowship for Ph.D. |
| 4. Jawahar Lal Nehru Memorial Fund Fellowship | Jawahar lal Nehru doctoral fellowship |

शोध की सीमायें :
प्रस्तुत लघु शोध में सरकारी संगठनों के रूप में UGC, NCERT, Ministry of Science & Technology, Jawahar Lal Nehru Memorial found को सम्मिलित किया गया है।
प्रस्तुत लघु शोध में गैर सरकारी संगठनों के रूप में LIC, Fair & Lovely, Zindal Group, BHEL, ONGC को सम्मिलित किया जाता है।

प्रस्तुत लघु शोध में स्नातक, परास्नातक व शोधकार्य में दी जाने वाली छात्रवृत्तियों को सम्मिलित किया गया है।
प्रस्तुत लघु शोध में कला एवं विज्ञान वर्ग को सम्मिलित किया गया है।
भविष्य में अनुसंधान हेतु सुझाव रू
प्रस्तुत शोध में कला एवं विज्ञान वर्ग को ही लिया गया है। इसके अतिरिक्त मेडि. कल/इंजी. आदि वर्गों का अध्ययन किया जा सकता है
छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रति छात्र–छात्राओं की जागरूकता का अध्ययन किया जा सकता है।
छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रति छात्र–छात्राओं के दृष्टिकोण का अध्ययन किया जा सकता है।
उच्च शिक्षा के अतिरिक्त अन्य स्तरों पर भी छात्रवृत्ति योजनाओं का अध्ययन किया जा सकता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

Kalaskar, Kishan Dutta, How to Get Scholarship, Fellowship, Stipend, Sultan Chand & Sons 1995.
www.ugc.ac.in
www.ugc.ac.in/sgc
www.ugc.ac.in/manf
www.ncert.nic.in
www.inspire-dst.gov.in
www.ongcindia.com
www.faeaindia.org
www.fairandlovely.in/fal_foundation/scholarship_apply_online.aspx
Kalaskar education_ service
Study guids.india.com
Scholarship winenterance.com
Vidhyavahni education scholarship.project